**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2612**
**उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2024**

**भारत 6जी एलायंस**

**2612. श्री विष्णु दयाल राम:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दूरसंचार अवसंरचना में पर्यावरणीय वहनीयता को बढ़ावा देने के लिए देश के 6जी विकास रोडमैप में एकीकृत की जा रही विशिष्ट हरित प्रौद्योगिकी पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ख) भारत 6जी एलायंस के ग्रीन एंड सस्टेनेबिलिटी वर्किंग ग्रुप के अंतर्गत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) और (ख) भारत 6जी एलायंस ने "ग्रीन एंड सस्टेनेबिलिटी" समूह को एक कार्य दल के रूप में गठित किया है। कार्य दल ने वहनीय और हरित 6जी को आगे बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा की सिफारिश की है। यह रूपरेखा विशेष रूप से भारतीय दूरसंचार क्षेत्र के लिए तैयार की गई है जिसका उद्देश्य उद्योगजगत के प्रत्येक पहलू में वहनीयता को एकीकृत करना है। वहनीय प्रक्रियाओं को सामूहिक रूप से अभिशासित करने और संवर्धित करने के लिए इस रूपरेखा में पाँच प्रमुख प्रेरक अर्थात् एकीकृत वहनीयता अभिशासन, हरित नेटवर्क अवसंरचना, सर्कुलर अर्थव्यवस्था और ई-कचरा प्रबंधन, नवाचार एवं क्षमता निर्माण तथा नीतिगत पक्षधरता और सहयोगात्मक अभिशासन शामिल हैं।

*****